




गर्भवती को चारपाई पर लेकर जाते परिजन।

### सड़क तक नहीं बनवा पाए जनप्रतिनिधि, गामीण बोले- कई बार कर चुके मांग

# दलदल बना मार्ग, गर्भवती को चारपाई पर एंबुलेंस तक ले गए लोग

**विकास के खोखले दावे**

- गांव उदरा का मामला, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी रास्ते नहीं हैं। बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते कीचड़ से भर जाते हैं और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

शनिवार को बंडा क्षेत्र में विकास के झूठे दावे करने वालों को शर्मसार करने वाला वाकया सामने आया। गांव उदरा के लिए पक्की सड़क न होने से परिजनों ने बारिश में कच्चे दलदल वाले संपर्क मार्ग से होते हुए गर्भवती को अस्पताल ले जाने के लिए चारपाई पर लिटाकर गांव के बाहर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। गांव उदरा टिकरी से मोहनपुर गांव को जोड़ने वाली करीब चार किमी सड़क कच्ची है। रोड पर बरसात में जगह-जगह पानी भर जाता है। ग्रामीण किसी तरह इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में कोई बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल पहुंचाना भी कठिन हो जाता है।

वृहस्पतिवार को गांव के जितेंद्र सिंह को इसी तरह की मुश्किल का सामना करना पड़ा। उनकी पत्नी रविता देवी को प्रसव पीड़ा हुई तो उन्होंने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। एंबुलेंस लेकर चालक गांव के संपर्क मार्ग पर आया तो आगे गहरे गड्ढे और कीचड़ देख उसने गांव से कुछ दूरी पर ही एंबुलेंस रोक दी। इस पर जितेंद्र घरवालों की मदद से पत्नी को चारपाई पर लिटाकर एंबुलेंस तक लेकर गए। इस दौरान महिला प्रसव पीड़ा से कराहती रही। इसके बाद गर्भवती को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। गर्भवती को चारपाई पर ले जाते हुए गांव के लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला तो वह वायरल हो गया। गांव के बलदेव सिंह, मुख्तियार सिंह, हरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह आदि का कहना है कि सड़क को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से मांग की गई, लेकिन आज तक किसी ने सड़क बनवाने की जरूरत नहीं समझी। बारिश में स्थिति और खराब हो जाती है।

# महिलाओं को दी उनके अधिकारों की जानकारी



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिला पुलिस कर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- लिटिल फ्लॉवर स्कूल में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन

**अमृत विचार:** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए नगर के लिटिल फ्लॉवर कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को मिशन शक्ति के चौथे चरण के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला आरक्षी रचना और लक्ष्मी देवी ने नारी शक्ति को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सरकार की ओर से पंचायत स्तर पर भी मिशन शक्ति कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें महिलाओं को उनकी समस्याओं एवं उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक कर कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। महिला हेल्पलाइन 1090 के द्वारा तमाम शिकायतों का निस्तारण समय पर किया जाता है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यूपी 112 से महिला को एस्कार्ट कर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था भी है। हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर की व्यवस्था भी है। इस अवसर पर महिला आरक्षी रचना के साथ लक्ष्मी देवी, अतुल कुमार, राजकुमार, रमेश कुमार, भगवानदास आदि उपस्थित रहे। शिक्षिका इंद्रजीत कौर, कनकलता गुप्ता, रोशनी श्रीवास्तव, ममता द्विवेदी, वर्षा गोगिया, कल्पना राठौर, यास्मीन नूर, उजमा ख़ालिक़, रहमत जहां, बुशरा, कान्ति, अनामिका, अपूर्वा गुप्ता, प्रियंका शुक्ला, तान्या सक्सेना, रोज प्रीत कौर, प्रिया कटियार मुस्कान गुप्ता आदि भी रहीं।

# एक पौधा मां के नाम: जैव विविधता पार्क में रोपे आम्रपाली के 250 पौधे

### वित्त मंत्री संग महापौर, डीएम, एसपी ने पौधे रोपित कर लोगों को किया प्रोत्साहित

**एक कदम शुद्ध पर्यावरण की ओर**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को वन महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में पौध रोपित की गई। नगर निगम समेत विभिन्न संगठनों ने हजारों पौधे रोपित कर शुद्ध पर्यावरण के लिए सार्थक कदम बढ़ाए। अभियान में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति ने अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री के साथ महापौर अर्चना वर्मा, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने पौधे रोपित किए।

नगर निगम की ओर से शनिवार को ककराकलां स्थित जैव विविधता पार्क में आम्रपाली के 250 पौधे रोपित किए गए। ककरा स्थित जैव-विविधता पार्क में विकसित आम्रवन में आम्रपाली के पौधे रोपित करने को मुख्य अतिथि के रूप में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, महापौर अर्चना वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा के पदाधिकारी, पार्षद आदि एकत्र हुए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि स्वच्छ वातावरण व शुद्ध ऑक्सीजन के लिए जनपदवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य रोपित करे। इसी क्रम में टाउनहाल स्थित शहीद उद्यान में भी पौध रोपित की गई, यहां अशोक के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान एडीएम संजय पांडेय, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सीओ सदर बीएस वीर कुमार, मुख्य अभियंता सिविल एसके अंबेडकर, महाप्रबंधक जल/ उद्यान प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चंद्र आर्य, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, नगर निगम के उप सभापति वेद प्रकाश मौर्य, तराना जमाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राजा राम वर्मा, अरुण गुप्ता, तराना जमाल आदि शामिल रहे।



ककराकलां स्थित जैव विविधता पार्क में आम्रपाली की पौध रोपित करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार

## तिलहर चीनी मिल में सांसद ने किया पौधरोपण

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देते हुए सांसद अरुण कुमार सागर ने शनिवार को तिलहर चीनी मिल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान चीनी मिल के अधिकारी और तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।




## जननी को सम्मान और जन्मभूमि की करें रक्षा

**शाहजहांपुर।** भाजपा की ओर से शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने नेव टेक्निकल इंस्टीट्यूट (एनटीआई) में कल्पवृक्ष का पौधा रोपा। इस अवसर पर एनटीआई परिसर में सभा को संबोधित करते हुए शाक्य ने कहा कि मां के सम्मान में या मां की स्मृति में सभी लोग एक पेड़ जरूर लगाएं। इससे मां का सम्मान होगा और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ ही धरती माता को हरा भरा रखने में योगदान रहेगा। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष का संस्थान की शिक्षिकाओं ने रोली चंदन से तिलक कर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पौधरोपण के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष शाक्य ने डॉ. आशीष मैसी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, एनटीआई चेयरमैन अंशुमान मैसी, प्रधानाचार्य सपना मैसी, आकाश मैसी, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, पवन सिंह, आशीष शुक्ला, सौरभ सोमवंशी, ईरेन मैसी, सुनीता द्विवेदी, विकास पांडेय, ब्लोसम जोजफ, बबिता सिंह, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण



**शाहजहांपुर।** मानवता वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सिंधौली ब्लॉक के ढकिया हमीद नगर में पौध रोपित की गई। नेहरू युवा केंद्र के ज़िला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, ज़िला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना, मानवता टीम के संस्थापक अमित श्रीवास्तव, नीरा श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना, शुभम, विशाल सिंह आदि सदस्यों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।



ककराकलां में पौध रोपित करतीं महापौर अर्चना वर्मा। ● अमृत विचार



शहीद उद्यान में पौध रोपित करते एसपी अशोक कुमार मीणा। साथ में सीओ सदर बीएस वीर कुमार।

## रोपी पौध, लोगों को पौधरोपण को किया जागरूक



**खुटार।** वन महोत्सव के तहत शनिवार को गांव नरौठा देवीदास में विधायक चेतराम ने खुटार की चेयरमैन मैना देवी, चेयरमैन पति बाबूराम, पूर्व चेयरमैन पति लक्ष्मन प्रसाद और रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद खुटार मैलानी मार्ग पर स्थित लंगोटी बाबा स्थान के पास गंगाराम स्मारक इंटर कालेज में भी पौध रोपित किए। कई तरह के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पेडों से ही मनुष्य का जीवन सुलभ है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने भी पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर वन रक्षक संतोष गौड़, अशोक चतुर्वेदी, संदीप यादव, संजीव कुमार, बहोरन लाल आदि वनकर्मी मौजूद रहे। उधर, जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के तत्वावधान में वन विभाग, जिला गंगा समिति, नेहरू युवा केंद्र की ओर से बंडा के सुनासरनाथ परिसर में आयोजन किया गया। जहां बेलपत्र, अमरूद, अशोक, केसिया, नींबू, जामुन आदि का रोपण किया गया। साथ ही पेड़ पौधे लगाने के लिए लोगों को जागरूक कर अपील की गई।

## वीआईपी ग्रुप ने सिटी पार्क में रोपी पौध



**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सिटी पार्क कॉलोनी में पौध रोपित की गई। इस अवसर पर ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव की संस्थापक व वीआईपी ग्रुप की सदस्य साक्षी सिरारी के संरक्षण में लोगों ने 100 पौधे रोपित किए। प्रारंभ उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने पौध रोपित कर किया। इस दौरान लावण्या अग्रवाल, ऋषभ खन्ना, ग्रुप के क्रिएटर अभिनय गुप्ता, नीतू गुप्ता, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, ज्योति गुप्ता, महेंद्र कुमार दुबे, प्रधान अनिल गुप्ता, अनूप कुमार, काजल यादव, पूनम वर्मा, शालू यादव, दीक्षा गुप्ता, नगर निगम के संजीव आदि शामिल रहे। इससे पहले डॉ. विकास खुराना के नेतृत्व में साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।
















**स्मरण** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष और वित्त मंत्री ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

# जयंती पर याद किए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती गोष्ठी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य और वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।


क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट के लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े, वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शाक्य ने कहा कि 23 जून 1953 को जेल में रहस्य मय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिला कर रख दिया। इसके बाद परमिट सिस्टम समाप्त कर दिया गया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि डॉ. मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी विचारक थे। अपने विचारों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले डॉ. मुखर्जी ने मातृ भूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस अवसर पर सांसद अरुण कुमार सागर, कार्यक्रम अध्यक्ष जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्र, विधायक तिलहर सलोना कुशवाहा, विधायक ददरौल अरविंद सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, जिला मंत्री सौरभ सोमवंशी, विजय मोहन मिश्रा, पार्षद रामबरन सिंह समेत बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



डॉ. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य व सांसद अरुण सागर।






**आज का मौसम**

28.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 07.11


कलान क्षेत्र से होकर निकली रामगंगा में बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार


गोविंदगंज मार्केट में जलभराव के बीच निकलते वाहन। ● अमृत विचार


बारिश में भीगते हुए घर जाते युवक व छात्राएं ● अमृत विचार

# जमकर बरसे बदरा... नदियों का जलस्तर बढ़ा, शहर हुआ पानी-पानी

## गंगा, रामगंगा, गर्रा व खन्नौत नदी किनारे रहने वालों की बढ़ी चिंता, सड़कें और गलियां पानी से लबालब, भीगते हुए घर पहुंचे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। शहर के किनारे से होकर निकली गर्रा-खन्नौत और जिले की जलालाबाद और कलान तहसील क्षेत्र से होकर निकली गंगा और रामगंगा में भी पानी बढ़ने लगा है, इससे नदी किनारे रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ने लगी है। शनिवार को दोपहर से शुरू हुई बारिश बीच में कुछ देर के लिए हल्की हुई लेकिन फिर बदरा बरसे तो जमकर बरसे। इससे शहर की सड़कें और गलियां पानी में डूब गईं। बच्चे स्कूल से भीगते हुए घर पहुंचे। हालांकि लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सिंधौली में खन्नौत नदी पर पुल का निर्माण कार्य रुका गया।

जिले में पांच दिन से लगातार बारिश हो रही है। शनिवार सुबह बादल छाए रहे लेकिन आठ बजे जब हल्की धूप नजर आई तो लोगों को लगा कि अब बरसात रुक जाएगी लेकिन एक घंटे बाद फिर से बादल छा गए। दोपहर करीब 12 बजे अचानक तेज बरसात शुरू हो गई

● **गर्मी से मिली राहत, बारिश से सिंधौली में खन्नौत नदी पुल का निर्माण कार्य रुका**

लेकिन पंद्रह मिनट बाद बारिश थम गई, पर हल्की बूंदाबांदी जारी रही। फिर करीब एक बजे एक बार फिर से बादल उमड़े और झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ देर को एक बार फिर बारिश हल्की हुई लेकिन 2:45 बजे फिर बारिश ने रफ्तार पकड़ ली।

इसके बाद कभी तेज तो कभी धीमी रफ्तार में शाम तक बारिश होती रही। तेज बारिश के दौरान ही स्कूलों में छुट्टी हुई। पैदल और साइकिल से जाने वाले बच्चे घर पहुंचते-पहुंचते पूरी तरह से भीग गए। उनके बस्ते भी भीग गए और उनमें रखी कॉपी-किताबे भी गीली हो गईं। तेज बारिश की वजह से नगर निगम कार्यालय परिसर में पानी भर गया और इसके सामने से होकर त्रिमूर्ति चौराहे को जानी वाली सड़क भी पूरी तरह से जलमग्न हो गई। रोडवेज बस स्टैंड के पास भी जलभराव हो गया। सदर, चौक इलाके की प्रमुख सड़कों पर भी पानी बहने लगा, वहीं मोहल्ला दिलाजॉक, खिरनीबाग, तारीन बहादुरगंज, कटियाटोला आदि गलियों में भी पानी नालियों से निकलकर ऊपर बहने लगा। बारिश के दौरान जो लोग छाता लगाकर जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजार जाना चाहते थे, वह लोग बाजार तक नहीं जा पाए और जिन्हें मजबूरीवश जाना भी पड़ा तो वह लोग पानी के बीच से होकर गुजरे। शाम करीब बारिश हल्की होने पर जलभराव कम हुआ तो गंदगी से दुर्गंध और गलियों में दलदल लोगों के लिए परेशानी का सबब बना रहा। सिंधौली में खन्नौत नदी पर पुल का निर्माण कार्य रुका गया।


**अपनी ही व्यवस्था खराब...** नगर निगम कार्यालय परिसर में भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार


टाउनहाल के पास जलभराव के बीच निकलते वाहन और राहगीर। ● अमृत विचार

### बारिश में गिरा पाकड़ का पेड़

**तिलहर।** बाईपास चौराहा स्टेशन रोड़ पर गोशाला के सामने बाल कटिंग के खोखे से लगे नाले पर खड़ा पाकड़ का पेड़ शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे बरसात के कारण गिर गया, जिससे खोखे और होटल का नुकसान हुआ। रोड पर खड़ी एक स्कूटी भी दब गई और एक तरफ का रास्ता बंद हो गया। गनीमत रही कि बिजली सप्लाई बंद करवा दी गई थी। सूचना नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तिलहर को दी गई। तब कहीं एक डेढ़ घंटे बाद पालिका की टीम पहुंची। इसके बाद पेड़ हटाने का काम शुरू किया गया।

### सीवर लाइन डाले जाने के बाद खुले गड्ढे दे रहे मौत को दावत



शहर में सीवर लाइन डाले जाने के बाद खोदी गई सड़क को बजरी डालकर पाटने की कोशिश की गई थी लेकिन बरसात में वह नीचे दब गई और सीवर लाइन के लिए जिन स्थानों पर होल के लिए ढक्कन लगाए थे, उन स्थानों पर मिट्टी दब गई हो ढक्कन से ठोकर बन गई। बीच सड़क पर इन ठोकरों से कई दोपहिया वाहन वाले चोटिल होते-होते बचे। इस दौरान एक ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें बैठे कुछ लोग चोटिल हो गए।

# तटवर्ती गांवों में फसलें होने लगीं जलमग्न

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मैदानी इलाकों व पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती गांवों के लोगों की धड़कने बढ़ने लगी हैं। नदी किनारे सब्जियों की खेती जलमग्न होने लगी है। सीडीओ ने शनिवार को जरियनपुर बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया।

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को मौसम की सबसे तेज मूसलाधार बारिश हुई है। लगातार बारिश से गंगा व रामगंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने लगा है। रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कीलापुर, धिरोला समेत कई गांवों के किसानों द्वारा नदी किनारे उगाई जाने वाली तोरई व लौकी की फसले जलमग्न होने लगी हैं। लगातार बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती गहवरा, सोहड़, मईखुर्द कला, कीलापुर, धिरोला, कुनिया, पहाड़पुर, हरिहरपुर समेत कई गांवों के लोग बाढ़ की आशंका को लेकर भयभीत होने लगे हैं। वहीं सीडीओ अपराजिता सिंह ने शनिवार को जरियनपुर स्थित बाढ़ राहत चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर पौधरोपण भी किया।

### गैर हाजिर चल रहीं दो रसोइयों की सेवा समाप्त

सीडीओ ने रामगंगा की बाढ़ से प्रभावित पहरुआ स्थित गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणो को संचारी रोगों के बारे में तथा दवा वितरण प्रणाली की जानकारी देकर उनसे निपटने के लिए जागरूक किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति व पोषाहार वितरण की भी जानकारी ली। इस दौरान कई दिनों से गैरहाजिर चल रही दो रसोइयों की सेवा समाप्ति के भी निर्देश दिए है। रास्ते में मिट्टी जमा होने पर अधिकारियों की गाड़ियां उसमें फंस गई। जिस पर तत्काल एडीओ पंचायत को निर्देशित कर मौके से मिट्टी हटवाई गई।


रामगंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ नदी किनारे जलमग्न फसलें।।

### तहसील स्तर पर बाढ़ से निपटने की चल रही तैयारी

तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी ने बताया कि नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। फिलहाल बाढ़ के हालात नही है। बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए 10 नाव 8 जुलाई तक आ जाएगी। तहसील पर दो मोटरबोट आ गए हैं। 35 लाइफ जैकेट व चार सर्च लाइट समेत तमाम उपकरण तहसील पर उपलब्ध हो गए हैं।

### नदियों में छोड़ा जा रहा पानी, बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने जारी की रिपोर्ट

शनिवार को शारदा नहर खंड अधिशासी अभियंता कार्यालय( बाढ़ नियंत्रण कक्ष) की ओर से नदियों के बढ़ते जलस्तर की रिपोर्ट दी गई। प्रभारी अधिकारी बाढ़ नियंत्रण कक्ष एई नेहा की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी, कछला घाट में जलस्तर प्लस 0.41 सेमी बढ़ा, गंगा नदी भैसार ढ़ाईघाट तटबंध जलस्तर प्लस 0.01 सेमी बढ़ा हुआ दर्ज किया गया। रामगंगा नदी चौबारी घाट जलस्तर प्लस 0.290 सेमी बढ़ा। गर्रा नदी अजीजगंज पुल जलस्तर माइनस 0.10 कम हुआ, खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर माइनस 0.35 घटा। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 103955 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसी प्रकार विभिन्न बैराजों से रामगंगा नदी में भी 5310 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दियूनी से भी गर्रा नदी में 3564 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नदियों में पानी छोड़े जाने के बाद गंगा, रामगंगा किनारे बसे गांवों वालो को सतर्कता बरतने को जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है। प्रशासनिक अधिकारी भी जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

# सावधान! शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर कीचड़ से बढ़ गई फिसलन

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** सावधान! अगर आप शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर सफर कर रहे तो जरा सावधानी बरतनी होगी। चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से यह मार्ग पर कई जगह मिट्टी से फिसलन बढ़ गई है। जिससे सफर खतरनाक हो गया है। शाहजहांपुर-पलिया हाईवे बनाने का निर्माण कार्य हो रहा है। कई जगहों पर रोड बना दी गई तो कुछ जगह तोड़कर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। खुटार-पुवायां मार्ग पर गांव रुजहा मोड़ के पास ओवरब्रिज और बाईपास बनाया जा रहा है और डंपर से मिट्टी डालने का काम भी चल रहा है। इस बाईपास मार्ग पर गांव सिल्हुआ, बंडा रोड, गांव कुसुमा, इटौआ, पूरनपुर रोड, गांव लालपुर तक फिसलन बढ़ गई है। लेकिन एनएचएआई की ओर से कोई भी व्यवस्था सुलभ कराने की जरूरत नहीं समझी गई है। उधर, खुटार मैलानी मार्ग काफी उबड़ खाबड़ है और कई गहरे गड्ढे हो गए है। यहां से गुजरने वालों को काफी दिक्कत होती है।

● **मैलानी मार्ग जर्जर, गड्ढों में भरे पानी से सफर बना खतरनाक**

चार दिन से हो रही बारिश से गड्ढों में पानी भर गया है। जहां रात और दिन में चलने वाले वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता है। उनकी जरा सी चूक से हादसा हो सकता है। गड्ढे में पहिया चले जाने से अनियंत्रित होकर हादसे की आशंका हर वक्त रहती है। जिम्मेदारों ने गड्ढे भरने की तक की जरूरत नहीं समझी।


नरौठा देवीदास में सड़क पर भरा बरसात का पानी।

## सार-संक्षेप

### विद्युत उपकेंद्र पर जलभराव, 21 घंटे गुल रही बिजली



**कलान।** भारी वर्षा के कारण विद्युत केंद्र परिसर में जल भराव हो गया। इस वजह से 21 घंटे से विद्युत आपूर्ति गुल रही। जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। बीते कई दिनों से लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। आसपास के मोहल्लों के पानी की निकास की व्यवस्था न होने के कारण विद्युत उप केंद्र परिसर में ही मोहल्ले का पानी जा रहा है, जिससे विद्युत उपकेंद्र परिसर तालाब बन गया है। रात करीब 11 बजे जलभराव के कारण विद्युत केंद्र से सप्लाई बंद कर दी गई। कर्मचारियों का कहना है कि मशीनों के आसपास जलभराव हो जाने के कारण नमी आ गई है, जिससे खतरा बढ़ गया है और मशीनों के भी डूबने का डर बना हुआ है। जिसके चलते 21 घंटे बिजली सप्लाई रही। रात करीब आठ बजे बिजली सप्लाई शुरू की गई।

### हाईवे जलमग्न, आवागमन में परेशानी



**कलान।** लगातार वर्षा होने के कारण कस्बे में स्टेट हाईवे जलमग्न हो गया है। इसके अलावा कस्बे की अन्य गलियां पानी से भरी हैं, जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। भारी वर्षा होने के कारण कस्बे में स्टेट हाईवे पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप हाईवे तालाब बन गया है। इससे कुछ दूरी पर डॉक्टर वेद प्रकाश शर्मा के मकान के समीप हाईवे पर जलभराव है। हाईवे तालाब जैसा नजर आ रहा है। जलभराव के कारण हाईवे पर गड्ढे हो गए हैं। वाहन निकलते हैं, तो पलटने का डर बना रहता है। बाइक सवार गड्ढे में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इसके अलावा थाना रोड, ब्लॉक रोड समेत अन्य सड़कों पर भी जल भराव है।



## परिचालन प्रबंधक ने स्टेशन का किया निरीक्षण, अधिकारी आज से रोजा में डालेंगे डेरा

# आज से रोजा में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य शुरु, 60 ट्रेनें निरस्त

**यात्रीगण ध्यान दें**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल में रोजा रेलवे स्टेशन पर सात जुलाई से एक माह के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य शुरु कराया जाएगा। मंडल के वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक तथा सीनियर डीई ने कार्य क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इधर मंडल के अधिकारियों का डेरा रोजा स्टेशन पर रविवार से पड़ जाएगा।



रोजा स्टेशन का निरीक्षण करते सीनियर डीई जय उपाध्याय। ● अमृत विचार

मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक आशीष सिंह तथा सीनियर डीई जय उपाध्याय शनिवार की सुबह दस बजे रोजा रेलवे स्टेशन पर एक माह के लिए रविवार से शुरु होने वाले नॉन इंटरलॉकिंग वाले कार्य क्षेत्र को देखा। उन्होंने देखा कि कहां-कहां पर कार्य होगा। परिचालन प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और शाम को मुरादाबाद के लिए वापस हो गए। इधर रोजा स्टेशन पर सात जुलाई से एक माह के लिए इंटरलॉकिंग का कार्य शुरु होने जा रहा है। इस दौरान 96 ट्रेनें प्रभावित होगी और 60 ट्रेनों को निरस्त रहेगी। कई ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया जाएगा।

निरस्त ट्रेनों को लेकर यात्री रिजर्वेशन टिकट काउंटर पर वापस कर रहे है। इस दौरान मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। बालामऊ से शाहजहांपुर 21 जुलाई से 5 अगस्त, शाहजहांपुर से बालामऊ 23 जुलाई से 7 अगस्त, शाहजहांपुर से सीतापुर पैसेंजर 22 जुलाई से 6 अगस्त, रोजा से बरेली 23 जुलाई से 6 अगस्त, बरेली से रोजा 22 जुलाई से 5 अगस्त, लखनऊ से मेरठ 31 जुलाई से 5 अगस्त, मेरठ से लखनऊ एक अगस्त से 6 अगस्त, वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस 31 जुलाई से 5 अगस्त, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस 1 अगस्त से 5 अगस्त, प्रयागराज-बरेली एक्सप्रेस 1 अगस्त से 5 अगस्त, वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस 23 जुलाई से 4 अगस्त, देहरादून-वाराणसी एक्सप्रेस 24 जुलाई से 5 अगस्त, सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस एक अगस्त 6 अगस्त, टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस 30 जुलाई से चार अगस्त तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा कुछ अन्य ट्रेनें भी निरस्त रहेगी। ट्रेनें निरस्त होने से रिजर्वेशन कराने वाले यात्री अपना टिकट काउंटर पर वापस कर रहे है। कुछ ट्रेनों को रूट डायवर्जन किया गया है। ट्रेनें काशन देकर निकाली जाएंगी। इधर मुरादाबाद मंडल के अधिकारी रविवार से रोजा स्टेशन डेरा डाल देंगे।

● **रूट डायवर्जन तो काशन देकर निकाली जाएंगी कुछ ट्रेनें**

### कोयले से भरी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग, हड़कंप

**शाहजहांपुर।** कोयला लेकर लखनऊ से मुरादाबाद जा रही मालगाड़ी के एक वैगन में कोयले में आग लग गई। जिससे रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस दौरान दमकल वाहन पहुंचा और आग को बुझाया। करीब एक घंटे बाद मालगाड़ी रवाना हुई। शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे कोयले से लदी मालगाड़ी मुरादाबाद से लखनऊ जा रही थी। रामप्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन कर्मचारी मालगाड़ी के वैगन संख्या 60140 में कोयले से धुआं उठते हुए देखा। कर्मचारी ने रेलवे कंट्रोल तथा अधिकारियों को जानकारी दी कि कोयले के एक वैगन में धुंआ निकल रहा है। कंट्रोल ने रोजा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी। रोजा में मालगाड़ी को रेल लाइन संख्या आठ पर लिया गया। इधर दमकल वाहन रोजा पहुंचा और कोयले के वैगन में लगी आग को बुझाया। आग लगने का कारण अज्ञात है। रोजा से मालगाड़ी को एक घंटे बाद मुरादाबाद के लिए रवाना किया गया। अग्निशमन अधिकारी वीडी पटेल ने बताया कि कोयले के वैगन में आग लग गई थी, उसको बुझा लिया।

### सार-संक्षेप

#### 19 केंद्रों पर सीटेट परीक्षा आज

**शाहजहांपुर।** जिले में सीटेट परीक्षा रविवार को 19 केंद्रों पर कराई जाएगी। परीक्षा में लगभग 19 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। खास बात यह है कि इस बार सीबीएसई बोर्ड से संचालित स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा के लिए बनाए गए जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि सीटेट परीक्षा के लिए लिटिल फ्लावर कांवेंट स्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ, कर्नल एकेडमी ग्लोबल, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली, फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एक और दो, रॉयन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट पॉल्स इंटर कालेज, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, डॉ. जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल, गुरु तेगबहादुर एजूकेशनल एकेडमी, दून इंटरनेशनल स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, मारवाह मार्डर्न स्कूल, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, द मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल और रोजी पब्लिक स्कूल जलालाबाद को केंद्र बनाया गया है। प्राथमिक और जूनियर कक्षाओं के शिक्षण कार्य के लिए दो पालियों में अलग-अलग कराई जाएगी। सुबह सुबह 9 .30 से और द्वितीय पाली अपरान्ह दो से शुरू होगी।

#### छठे दिन भी जारी रहा भाकिमयू का धरना

**निगोही।** बिजली की समस्या को लेकर भाकिमयू राष्ट्रवादी का धरना छठें दिन भी जारी रहा । शनिवार को धरनारत किसानों ने बताया कि पावर हाउस पर छह दिन से बिजली समस्या समाधान के लिए बैठे हैं। जिनको हल करना आसान है, लेकिन अधिकारी हठधर्मिता के कार परेशान कर रहे हैं। बारिश और खेती के काम छोड़ कर धरने पर बैठे किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शुक्रवार को अधिकारी बात करने आए भी तो सिर्फ मतलब की बात की। किसानों से वार्ता विफल रही। अब किसानों ने निर्णय लिया है कि आगामी सोमवार से क्रमवार विद्युत अधिकारियों का पुतला दहन का कार्यक्रम शुरू होगा। शनिवार को धरने पर अनिल कुमार वर्मा, अजवेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष निगोही महेंद्र कश्यप, रवि कश्यप, अजय कश्यप के साथ अन्य किसान पदाधिकारी बैठे थे।

## एसपी से मिला कांग्रेस शिष्टमंडल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **युवक की मौत के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार:** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल एसपी से मिला और पुवायां के गांव इटौली निवासी युवक की मौत मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पुवायां के गांव इटौली के वाल्मीकि समाज के युवक को पड़ोस के गांव के दो युवक बुलाकर ले गए और उसे अधमरा कर उसके दरवाजे पर फेंक गए थे। जिसकी पांच दिन बाद बरेली में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। कांग्रेसियों ने मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जिस पर एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में राजीव कुमार एडवोकेट, सत्येंद्र कुमार एडवोकेट, वाल्मीकि मंदिर कमेटी के प्रबंधक रामकृपाल उर्फ मानु ,रमेश चंद्र कटारिया, अनुभव कटारिया, मृतक की मां मुन्नी देवी, अनीता देवी, सुनीता, सीमा, कुलदीप, मुकेश, मृतक के पिता प्रहलाद आदि लोग शामिल थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# न्यू चर्च कॉलोनी में जलभराव से परेशानी, प्रदर्शन

## स्कूल आने-जाने में बच्चों को हो रही दिक्कत, गिरकर चोटिल हो रहे लोग, बिजली के खंभे नहीं लगे

संवाददाता, जमुका/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र में न्यू चर्च कॉलोनी की वाल्मीकि बस्ती की कच्ची दलदल वाली सड़क से निकलना मुश्किल हो रहा है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, आने जाने वाले लोगों को काफी मशक्कत उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रदर्शन कर सड़क बनवाए जाने की मांग की है।

बस्ती के लोगों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी बच्चों को स्कूल जाने में हो रही हैं। रोजा की यह कॉलोनी वार्ड नंबर एक नगर निगम में आती है। सुशीला देवी के मकान से गुड्डू व माया देवी के मकान तक का कच्चा रास्ता है। जिस कारण लोगों को अपने घरों से आवागमन करने में काफी दिक्कतें होती हैं, खासतौर से बरसात के दिनों में ज्यादा मशक्कत उठानी पड़ती है। सचिन कुमार, माया देवी, गुड्डू, रामसेवक,राजीव कुमार, सुशीला देवी आदि लोगों का कहना है, लगभग एक साल पहले हमारी गली की कच्ची सड़क की नाप हुई थी, जो अभी तक नहीं बन पाई है। कच्ची सड़क के होने से हम लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं, खास तौर से बरसात के दिनों में कच्ची सड़क पर जलभराव हो जाने के कारण आवागमन करने में काफी दिक्कतें हो रही है। न्यू चर्च कॉलोनी के लोगों का कहना है, कि कच्ची सड़क बन जाए और विद्युत खंभे हमारी गली में लग जाएं, तो हमें भी नगर निगम होने का लाभ मिल जाए। न जाने कब हमारी समस्या का समाधान होगा।



जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### बोले लोग



कच्ची दलदल वाली सड़क और ऊपर से हो रही बरसात के कारण हम सभी लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं, पिछले साल सड़क निर्माण के लिए नाप जोख हुई थी, तब से एक साल हो चुका है, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। -ज्योति



बरसात के दिनों में जलभराव के कारण दिन प्रतिदिन मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जल्द से जल्द यह कच्ची सड़क बन जाए, तो हम लोगों को आवागमन करने में राहत मिल जाए और मच्छरों से भी निजात मिल जाए। - माया देवी



हम लोगों को इस दलदल व कीचड़ वाली सड़क से निकलने में काफी दिक्कतें हो रही हैं, आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही है। जल्द से जल्द समस्या का समाधान होना चाहिए। - केहरी



कच्ची सड़क और हो रही बरसात व जलभराव के कारण हम सभी को काफी दिक्कतें हो रही हैं, आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अब जल्द से जल्द हमारी समस्या का समाधान हो, तब लोगों को राहत मिले। - गुड्डू

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने तथा विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध कर शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले अध्यापकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसके लिए योग्य शिक्षकों से 15 जुलाई तक आवेदन मांगे हैं। शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीआईओएस ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार के शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उनका मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद शासन स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा उत्कृष्ट शिक्षकों के चयन की संस्तुति ऑनलाइन भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी।

## 20 को होगी इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट परीक्षा तथा इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 20 जुलाई को राजकीय इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर में होगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 8.00 से 11.15 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2.00 से 5.15 बजे तक होगी।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर वाह्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। केंद्र व्यवस्थापक व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे, जिससे प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाए। प्रश्नपत्रों के रख-रखाव की समग्र व्यवस्था मुख्य परीक्षा की भांति निर्धारित स्ट्रांग रूम में डबल लॉक युक्त अलमारी में ही की जाएगी।

परीक्षार्थी पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से संपर्क स्थापित कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर प्रधानाचार्य से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर लाएंगे। निर्धारित तिथि को परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का पहुंचना आवश्यक है।

## रोजा पावर में 66 महादानियों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रिलायंस समूह के संस्थापक स्मृति शेष धीरूभाई अंबानी की पुण्यतिथि रक्तदान के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में शनिवार को वृहद कैंप लगाया गया, जिसमें 66 महिलाओं और पुरुषों ने रक्तदान कर महादानियों की भूमिका निभाई।

जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर का प्रारंभ रोजा पावर स्टेशन के डायरेक्टर ह्रदय सिंह तोमर ने धीरूभाई अंबानी के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में ब्लड डोनेट करने का आह्वान किया। बताया कि रक्तदान से कोई नुकसान नहीं होता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल पर रक्तदान जरूर करना चाहिए।

इस मौके पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. शवाहत हुसैन, महेंद्र कुमार त्रिपाठी, सतेंद्र कुमार, छाया सक्सेना की देखरेख में चले कैंप में रोज़ा पावर से धर्मेंद्र बैस, सुरेंद्र सिंह, उमेश चंद्र यादव, मनीष कुमार सिंह, सेफ़त हुसैन, अविनाश शुक्ला, राजू शर्मा, पवन सिंह, सोबरन सिंह, ओम प्रकाश, चंद्र शेखर प्रजापति, हरीश शर्मा, अभिनव धौलपुरया, मीना तोमर, रुचि सिंह, अपर्णा सिन्हा, आयशा ख़ातून, मीनू सिंह, संगीता सिंह, सावित्री शर्मा, आकांक्षा श्रीवास्तव समेत 66 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया।





ब्लड डोनेट करने के बाद उत्साहित महिलाएं। ● अमृत विचार

● **डायरेक्टर ने धीरू भाई अंबानी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की शुरुआत**

### बाइक सवार के खिलाफ हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव खिरिया निवासी मुकेश ने मदनापुर थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जून को अपनी बाइक से अपने भाई वीरेश कुमार के साथ मदनापुर जा रहा था। वह दोपहर 12 बजे बाइक से बरखेड़ा जयपाल गांव के पास पहुंचा। वह बाइक खड़ी करके लघुशंका को जाने लगा तो बुलेट सवार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। वह अपना प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहा है। मदनापुर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
VAMCRH SHAHJAHANPUR
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

**अनदेखी** ट्रेन में जनरल तथा स्लीपर कोच की जगह एसी कोच बढ़ाने से दिक्कत, कई बार हो चुकी है मारपीट

# कष्टदायी सफर : महिला कोच में पुरुष यात्रियों का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ट्रेनों में जनरल कोच तथा स्लीपर कोच कम कर दिए गए है, लेकिन एसी स्लीपर कोच बढ़ा दिए गए है। जिससे जनरल टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों का सफर कष्टदायी हो गया है। जगह न मिलने पर वह भी जाएं तो कहां जाएं। महिला कोच में पुरुष यात्री कब्जा जताए रहते हैं तो वहीं दिव्यांगों के कोच में आम यात्री जबरन घुस जाते है। कई बार इसको लेकर मारपीट भी हो चुकी है।

श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, पंजाब मेल, गंगा सतलज एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में आगे-पीछे चार-चार जनरल कोच होते थे। साथ ही पर्याप्त मात्रा स्लीपर कोच होते थे। लेकिन अब दो जनरल कोच रह गए और स्लीपर कोच भी काफी कम कर दिए गए है। त्रिवेणी एक्सप्रेस में पहले चार एसी कोच लगा करते थे। वर्तमान समय में तीन स्लीपर कोच, तीन जनरल कोच तथा 10 एसी कोच कर दिए गए है।

इसी प्रकार जनता एक्सप्रेस में तीन स्लीपर तथा दो जनरल कोच, जनता एक्सप्रेस में तीन स्लीपर, दो जनरल कोच, चंडीगढ़ एक्सप्रेस में तीन स्लीपर, तीन जनरल कोच कर दिए गए है। जनरल तथा स्लीपर कोच कम कर दिए जाने से यात्रियों को दिक्कत हो गई है। जनरल तथा स्लीपर कोच कम कर दिए जाने से यात्रियों को दिक्कत हो गई है। जगह न मिलने पर वह भी जाएं तो कहां जाएं। जनरल टिकट के यात्री जबरन महिला तथा दिव्यागंज कोच में घुस जाते है। इसको लेकर कई बार मारपीट तक हो चुकी है। यात्रियों ने कई बार मांग की है कि जनरल तथा स्लीपर कोच बढ़ाए जाए।



जनरल कोच में चढ़ने को स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्री। ● अमृत विचार

● **त्रिवेणी में थे चार एसी कोच, वर्तमान समय में हैं तीन स्लीपर, तीन जनरल और 10 एसी कोच**



ट्रेन में सफर करना मुश्किल हो गया है। जनरल कोच कम कर देने से स्लीपर कोच में यात्री घुस जाते है। महिला कोच में भी पुरुष यात्री सीट पर कब्जा कर लेते है। महिला यात्री खड़े होकर सफर करती है। रेल प्रशासन को जनरल कोच तथा महिला कोच बढ़ाने चाहिए। -प्रतिभा मिश्रा



जनरल कोच अधिक होने पर जनरल टिकट लेकर आसानी से यात्रा हो जाती थी। वर्तमान समय जनरल कोच कम कर दिए जाने से सफर करना मुश्किल हो गया है। जनरल कोच में पैर रखने की जगह तक नहीं होती है। रेल प्रशासन को जनरल कोच बढ़ाने चाहिए। -ओपी वर्मा



लेडीज को ट्रेन में सफर करना बहुत मुश्किल हो गया है। महिला कोच में जबरन पुरुष यात्री घुस जाते है और महिलाओं को नहीं चढ़ने देते है। मना करने पर झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। आरपीएफ महिला कोच को चेक नहीं करती है। गार्ड कहते है कि आरपीएफ की जिम्मेदारी है। -सृष्टि पाण्डेय



ट्रेन में स्लीपर कोच भी कम कर दिए गए हैं ।इससे यात्रियों को दिक्कत बढ़ गई है। पहले स्लीपर कोच अधिक होने से यात्री रिजर्वेशन कराकर सफर कर लेते थे। एसी कोच कम करके स्लीपर कोच बढ़ाने चाहिए। मजदूरी करने वाला व्यक्ति एसी कोच में कैसे सफर कर सकता है। - महेंद्र चावला

## एक नजर

### आजमगढ़ में युवक को सांप ने डसा, मौत

**जैतीपुर।** थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी शिवओम(25) आजमगढ़ में एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को उसे आजमगढ़ में सर्प ने डस लिया था। परिवार वालों ने उसे यहां मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### अभियुक्त जिला बदर

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन एसओ राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि अभियुक्त लटूरी निवासी रुदपुर थाना गढ़िया रंगीन को जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के जिला बदर किया है। उसके मकान पर कागज चस्पा कर दिया। उन्होंने बताया कि जिला बदर अपराधी को जिले की सीमा से बाहर कर दिया गया है।

# समाधान दिवस में आईं 21 शिकायतें, तीन निस्तारित

## तिलहर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को एसडीएम अंजलि गंगवार की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान 21 शिकायतों में से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

गांव सराय लुहानी उर्फ दियूरिया के दिव्यांग कुमोद चंद्र पुत्र रामसरन ने उपजिलाधिकारी अंजलि गंगवार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके बीच गांव में कच्चा टूटा-फूटा मकान है, जो इस बरसात में कभी भी गिर सकता है और वह अपने मृतक भाई शिव कुमार के कि मकान में रहते हैं। उन्हें इस बात का भी डर है कि भाई के बच्चे किसी भी दिन उन्हें मकान से निकाल सकते हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी अंजलि गंगवार से गांव में सर्वे कराकर प्रधानमंत्री आवास दिलवाने की गुहार लगाई है। इस दौरान तहसीलदार जयप्रकाश यादव, कोतवाल विशाल प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, उमाकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


तिलहर में समाधान दिवस के दौरान शिकायतें सुनतीं एसडीएम अंजली गंगवार।

### नहीं हो पाई व्हीलचेयर की व्यवस्था

वहीं पूर्ण रूप से दिव्यांग के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में एक व्हीलचेयर की भी व्यवस्था नहीं की जा सकी, जिस पर पूर्ण रूप से दिव्यांग बमुश्किल अधिकारियों के समक्ष पेश हुआ।

### खोदाई से झुक गए बिजली के खंभे...हादसे का डर

मोहल्ला पचासा निवासी राजेश्वर सिंह एडवोकेट ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर एसडीएम अंजलि गंगवार को बताया कि जल निगम द्वारा रास्ते की खोदाई करके पाइपलाइन डाली गई जा रही है। सड़क पर लगभग 3 फीट रोड खोदाई से गली में लगे बिजली के खंभे झुक गए हैं, जो किसी भी समय गिर सकते हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिसको जल निगम के जूनियर इंजीनियर को मोहल्लेवासी कई बार समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन जल निगम के जूनियर इंजीनियर समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। इस पर एसडीएम अंजलि गंगवार ने बिजली विभाग के एसडीओ सौरभ शाक्य को निर्देशित किया कि जांच कर समस्या का समाधान करें।

### कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रोजा।** रोजा वार्ड संख्या 18 के पार्षद अरविंद राजपाल ने तहसील दिवस में बरनई अटसलिया होते खन्नौत नदी को जाने वाले दमा नाला पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर स्वरूप बदलने का शिकायती पत्र दिया है। रोजा रेलवे कॉलोनी बरनई अटसलिया आदि जगहों का बरसात का पानी इसी नाले से होकर खन्नौत नदी में जाता है। जिसको नाली में परिवर्तित कर दिया गया है। जिससे भविष्य में पानी निकासी की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। जबकि बरसों से कच्चा नाला ही था। उन्होंने दमानाला का स्वरूप बदलकर कब्जा करने वाले भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सूदखोरों से परेशान महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** सूदखोरों से परेशान होकर पहले पति ने आत्महत्या कर लेने के बाद अब पत्नी भी आत्मदाह करने की चेतावनी दे रही है। महिला ने पुलिस और समाधान दिवस में शिकायत की है।

पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए मोहल्ला कानून गोयन निवासी सत्यभामा पत्नी महेश ने बताया कि पांच जून को उसके पति ने सूदखोरों से तंग होकर खुदकुशी कर ली थी। अब पति तो नहीं रहे, लेकिन कर्जदार आज भी उसे परेशान कर रहे हैं। कर्जदारों ने पहले पति को प्रताड़ित किया कि वह जान देने को मजबूर हो गए। अब उसके व परिवार के पीछे पड़े हैं। सूदखोरों ने उसका निकलना बैठना मुश्किल कर दिया है। आरोपी रुपये न देने पर घर व दुकान पर कब्जा कर लेने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि उसके पास रुपये नहीं हैं। अगर होते तो उसके पति आज जिंदा होते। महिला ने कहा कि आरोपी उसे व उसके परिवार को जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्मदाह कर लेगी। महिला ने कहा कि जलालाबाद में पहले भी कई लोग अपनी जान सूदखोरों से तंग आकर गंवा चुके हैं।


बच्चे के साथ पीड़ित महिला।

- बोली- परेशान होकर 5 जून को पति ने कर ली थी आत्महत्या

# प्रभारी निरीक्षक के न मिलने से गुस्साईं महिलाओं ने थाना गेट पर दिया धरना

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के दामाद की गुमशुदगी दर्ज हुए लगभग दो माह से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद बरामदगी न होने पर थाने पहुंची महिला यहां तैनात प्रभारी निरीक्षक के मिलने में टालमटोल करने से आक्रोशित होकर थाना गेट के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गई। हंगामा बढ़ने पर इंस्पेक्टर अपने आवास से बाहर निकाल कर आए और दो दिनों के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर महिलाएं अपने घर को गईं।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी आरती की पुत्री रीना की शादी करीब दो वर्षों पूर्व रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरतारा निवासी विकास पुत्र सुरेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिससे तंग आकर वे यहां मायके आकर रहने लगीं और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पति विकास उनके साथ मायके आकर रहने लगा। रीना के मुताबिक 26 अप्रैल को विकास घर से कचहरी जाने की बात कह कर निकाला था। तबसे वापस घर नहीं आया। उसकी कई स्थानों पर तलाश कराई, लेकिन कहीं भी सुराग नहीं लगा। आरसी मिशन पुलिस ने उसकी तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज न कर विकास के पिता सुरेश की ओर से गुमशुदगी दर्ज कर ली। अब पुलिस उसे बरामद कर के नहीं ला रही है। दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस विकास का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। शनिवार को आरती इस आशय से प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करने रामचंद्र मिशन थाना आई थी।

आरती का आरोप है कि डेढ़ घंटा तक इंतजार करने के बावजूद भी इंस्पेक्टर ने उसे नहीं बुलाया और अपने आवास में चले गए। इससे आक्रोशित होकर आरती अपने साथ आई चार-पांच अन्य महिलाओं के साथ थाना गेट पर बारिश में धरने पर बैठ गई और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। हंगामा बढ़ता देख इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला वहां आए और दो दिनों के भीतर बरामदगी का आश्ववासन देकर मामले को शांत कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि गुमशुदगी विकास के पिता सुरेश की ओर से दर्ज है। विकास की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।


थाने के सामने हंगामा करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- दो महीने बाद भी दामाद को बरामद नहीं कर पाने से बढ़ा आक्रोश

# शहर में रोडवेज बस स्टैंड और सिंधौली में खन्नौत पुल पर लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज बस स्टैंड के सामने शनिवार दोपहर जाम लग गया। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे जाम में फंसे वाहनों को पास कराया तो फिर से जाम लग और वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पूरा दिन वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। वहीं सिंधौली खन्नौत पुल पर भी लोग आधा घंटा जाम में फंसे रहे।

शनिवार दोपहर करीब दो बजे बारिश हल्की हुई तो सड़क पर वाहनों और राहगीरों की भीड़ बढ़ गई। इससे रोडवेज बस स्टैंड पर जाम लग गया। जल्दी निकलने की होड़ में लोगों ने अपने वाहन इधर-उधर घुसे दिए, इससे वाहनों की और लंबी लाइन लगती चली गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जाम में फंसे लोग परेशान होते रहे। वाहनों की यह लंबी लाइन रोडवेज बस स्टैंड से लेकर हरदोई बस स्टैंड के सामने तक और दूसरी तरफ कचहरी पुल तक वाहनों की लाइन लगी रही, जो धीरे-धीरे रेंग-रेंग कर चलते रहे। दरअसल रोडवेज बस स्टैंड के सामने सड़क के एक ओर प्राइवेट बस और दूसरी तरफ रोडवेज बस खड़ी कर दी जाती है, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और इसी से जाम लग जाता है। उधर, बारिश के दौरान सिंधौली खन्नौत नदी पुल पर दोपहर करीब एक बजे जाम लग गया। लगभग आधा घंटा लोग जाम में फंसे रहे। पुलिस ने पहले एक तरफ, फिर दूसरी तरफ के वाहनों को निकलवाकर जाम खुलवाया। यातायात सामान्य होने में भी आधा घंटे से अधिक समय लग गया।


रोडवेज बस स्टैंड के सामने जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- कुछ देर को बारिश रुकते ही लोग निकले तो लग गया जाम
- बस स्टैंड के सामने रोड के दोनों ओर वाहन खड़े होने से लगता है जाम

# उप चुनाव: सीओ ने प्रत्याशियों संग की बैठक

**तिलहर।** नगर पालिका के वार्ड संख्या 13 घेरचौवा के आठ जुलाई को होने वाले उप चुनाव के प्रत्याशियों को कोतवाली में बुलाकर सीओ ने प्रचार या मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने तथा शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराए जाने की अपील की। लगभग 6 माह पहले नगर पालिका सभासद अखलाक खां गुड्डू का निधन हो गया था। तभी से यह वार्ड सभासद पद रिक्त चल रहा था। उप चुनाव के लिए 8 जुलाई को नगर के मोहल्ला कांकड़ स्थित नवीला मांटेसरी स्कूल में दो बूथों पर सुबह सात बजे से मतदान कराया जाएगा, जिसमें कुल 1882 मतदाता मतदान करेंगे। उप चुनाव में पांच प्रत्याशी राधा रमन मिश्रा, फरहाना, इंतजार, रजनीश व शारिक मैदान में हैं। जिनमें पूर्व सभासद राधा रमन मिश्रा तथा सभासद अखलाक खान गुड्डू की पत्नी फरहाना की सीधी टक्कर मानी जा रही है। दस जुलाई को मतगणना का परिणाम घोषित किया जाएगा।



# निशा के शरीर पर थे चोट के निशान, हैंगिंग से मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**अमृत विचार :** निगोही पुलिस ने निशा के शव का पोस्टमार्टम पैनल के आधार पर कराया। रिपोर्ट में उसकी हैंगिंग से मौत और शरीर में चोट के निशान मिले है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला निजामपुर गौटिया निवासी आशाराम ने अपनी पुत्री निशा(26) की शादी नौ साल पहले अमित कुमार निवासी सतवां खुर्द थाना निगोही के साथ की थी। उसका आरोप है कि उसका पति उसकी बेटी को शराब पीकर मारता पीटता था। दहेज में बाइक तथा सोने की चेन की मांग को लेकर पति तथा अन्य लोगों ने उसकी निशा को वृहस्पतिवार को पीटा और मारकर लटका दिया था। निगोही पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर मृतका के मायके वालों ने अस्पताल गेट पर जाम लगा दिया था। हत्या में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जाम खत्म किया था। मृतका के पिता आशाराम ने पति अमित समेत 15 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इधर टीम में एक महिला तथा दो पुरुष डॉक्टर थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर उसकी हैंगिंग से मौत हुई और शरीर में आधा दर्जन चोट के निशान थे। सीओ सदर वीएस वीर कुमार सिंह ने बताया कि पति अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।


मृतका निशा।


**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

प्रवेश प्रारम्भ

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म**

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)


# प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा देंगी सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मोहल्ला सिंजई स्थित श्री शिव मोहनी गोयल हॉस्पिटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं शुरू हो गईं। शुक्रवार को वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा सक्सेना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेंद्र सक्सेना ने कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। गोयल हॉस्पिटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा प्रिया सक्सेना सेवाएं देंगी।

इस अवसर पर डॉ. पूजा प्रिया सक्सेना ने बताया कि उनके द्वारा सामान्य एवं जटिल प्रेग्रनेंसी, डिलीवरी, बांझपन का इलाज, गर्भपात से जुड़ी समस्याओं का समाधान, दूरबीन द्वारा बच्चेदानी एवं अंडेदानी का ऑपरेशन, किशोरी अवस्था क्लीनिक, बच्चेदानी, अंडेदानी में गांठ का इलाज, महावारी की समस्याएं, परिवार नियोजन, बच्चेदानी के मुंह के कैंसर की जांच और वैक्सीन आदि की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

अस्पताल में इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर चिकित्सकों समेत अन्य विशिष्टजनों ने डॉ. पूजा प्रिया सक्सेना को पुष्पगुच्छ और बुके भेंटकर बधाई दी। उद्घाटन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, समाजसेवी चंद्र शेखर खन्ना धीरू, रूबी गोयल, शाहनवाज खान, डॉ. हर्षित सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक, सचिव डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. पीके गुप्ता, डॉ. अनुज गोयल, डॉ. रमाकांत, डॉ. यूडी कपूर, डॉ. संजय पाठक, डॉ. राकेश दीक्षित, डॉ. दीपा दीक्षित, डॉ. आरएस गेरा, डॉ. एसके जैन, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. विकास टंडन, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. सुब्रत गुप्ता, डॉ. विजय पाल चौधरी, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, डॉ. नूपुर श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक व विशिष्टजन मौजूद रहे।


डॉ. पूजा प्रिया सक्सेना के कक्ष का उद्घाटन करतीं डॉ. दीपा और डॉ. बृजेंद्र सक्सेना।

- गोयल अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीपा और डॉ. बृजेंद्र ने फीता काटकर किया कक्ष का उद्घाटन

# हार्ट अटैक से हुई थी मंजू की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में कांशीराम कॉलोनी में मकान के अंदर मृत मिली महिला के शव का पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी बसंत कुमार सक्सेना दिल्ली में काम करते है। उसकी एक बेटी नीतू अपने पति के साथ मोहल्ला गदियाना में रहती है। उसका एक बेटा किसी मामले में जेल में है। उसकी पत्नी मंजू सक्सेना(55) अकेले मकान में रहती थी। शुक्रवार की शाम उसके मकान से बदबू आ रही थी।

पड़ोसी ने उसकी बेटी नीतू को फोन पर सूचना दी। वह अपनी मां के पास आई और दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो जमीन पर मृत अवस्था में मिली थी। उसके शरीर में कीड़े पड़ गए थे। मृतका की बेटी ने बताया कि वह चार दिन पूर्व अपनी मां से मिलकर गयी थी। उसकी मां बीमार रहती थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है।


**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

**Nursing Courses**
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

**Paramedical Diploma Courses (2 Year)**
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

**Pharmacy Course (2 Year)**
- D. Pharma

**Facilities Available**
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122

Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431


# आर्म रेसलिंग: निसार, सौरभ को पहला स्थान



विजयी टीम के साथ पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

कायर्ालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बदायूं में 27वीं अंर्तजनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में शाहजहांपुर का रहा दबदबा

**अमृत विचार :** बदायूं में आयोजित 27वीं अंर्तजनपदीय कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग महिला तथा पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2021 में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

आर्म रेसलिंग पुरुष प्रतियोगिता में 65 किलोग्राम भार वर्ग में यहां के कौशिक कुमार ने द्वितीय स्थान, 75 किलोग्राम भार वर्ग में जिले के विक्रांत ने द्वितीय स्थान, 80 किलोग्राम भार वर्ग में निसार हुसैन ने प्रथम स्थान तथा 100 किलोग्राम भार वर्ग में सौरभ राठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बॉडी बिल्डिंग पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में 80 किलोग्राम भार वर्ग में निसार अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में 65 किलोग्राम भार वर्ग में कौशिक ने द्वितीय स्थान, 48 किलोग्राम भार वर्ग में शीतल परमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आर्म रेसलिंग महिला वर्ग प्रतियोगिता में 48 किलोग्राम भार वर्ग में शीतल परमार को द्वितीय स्थान मिला। इस अवसर शील्ड जीतकर आई टीम को एसपी अशोक कुमार मीणा ने बधाई दी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे घर में दिनांक 01.07.2024 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी हो चुकी है। जिसकी सूचना थाना मीरगंज में दर्ज है। चोरी में मेरे हाई स्कूल अनुक्रमांक 0776866 वर्ष 2019-20 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2225597337 वर्ष 2021-22 यू.पी. बोर्ड की मार्कशीट व प्रमाण पत्र भी खो चुका हूँ। मुझे शैक्षिक प्रमाणत्र पत्रों की आवश्यकता है। **अखलाक हुसैन पुत्र श्री सज्जाद हुसैन, निवासी ग्राम सैजना, पोस्ट मण्डनपुर, थाना व तह. मीरगंज (बरेली)**

**आवश्यकता है**

आकांक्षा एन्क्लेव, निकट मुंशी नगर बरेली में 200, 300 या 500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम लक्ष्य से बदलकर लक्ष्य गौतम कर दिया गया है। भविष्य में लक्ष्य गौतम नाम से जाने। **देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री घनश्याम सिंह, निवासी मकान नं. 54, पार्क एवेन्यू रेजीडेन्सी, निकट टोल प्लाजा दोहना, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

